तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

11 मिनीमाता महतारी जतन योजना से महासमुंद जिले की 8846 हितग्राहियों को मिला लाभ



12 विद्युत कटौती और कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा घेराव 24 को



## खबर संक्षेप

### शादी में गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के जैन भवन में भतीजे की शादी में शामिल होने गए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। हाडाबंद निवासी पदुम लाल मरकाम ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 3162 कीमत करीब 10000 रुपए से अपने भतीजे लिलेश मरकाम की शादी में शामिल होने जैन भवन गया था। शाम करीबन 7:30 बजे अपनी मोटर सायकल को मैदान पास हैंडिल लॉक कर भवन के अंदर चला गया। रात्रि करीबन 8:30 बजे बाहर आकर देखा तो मोटर सायकल वहां पर नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 से

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस को ध्यान में रखते 1 अगस्त 2024 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। डी. बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षाओं को ध्यान में रखकर पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 अगस्त 2024 से प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं सायःकालीन में शाम 4 से 07 बजे तक क्लास संचालित होगी। अन्य क्लासेस पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं पीएससी मैंस की क्लासेस सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं टेट, सहायक शिक्षक-शिक्षक भर्ती की क्लासेस शाम 4 बजे से 7 बजे तक संचालित हो रही है। कोचिंग में प्रवेश प्राप्त करने अकादमी में संपर्क कर सकते हैं।

# तीन साल से मांगते थक चुके पालकों ने कहा-शिक्षक दो या बंद करो स्कूल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित पालकों की गुहार तीन साल से नही सुनी गई। अब पालकों के साथ गांव के सरपंच और पंच भी स्थाई शिक्षक की मांग करते हुए चेतावनी देने को मजबूर हैं कि या तो ब्लॉक के पचरी गांव की प्राथमिक शाला में शिक्षक दो या स्कूल बंद करो। बता दें कि पिछले तीन सालों से यहां के ग्रामीण कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, जिलाशिक्षा आधिकारी दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। बावजूद पर्याप्त शिक्षक न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां 171 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। पिछले तीन साल से यहां स्थाई शिक्षक की नियुक्ति की मांग की जा रही है। विगत तीन सालों में तीन शिक्षक मिले लेकिन व्यवस्था और शिक्षण सत्र समाप्त होते ही मूल शाला में वापसी हो जाती है। वर्तमान में यहां दो शिक्षक हैं, जिनमें एक प्रधानपाठक हैं जो अधिकांश समय कार्यालय के काम में व्यस्त रहते हैं। एक शिक्षिका पहली से पांचवीं तक के बच्चों को बढ़ाती हैं, जिससे अंदाज लगाया जा सकता है कि शिक्षा का क्या स्तर होगा।

बच्चे केवल स्कूल में उपस्थिति दर्ज कराने और मध्याह्न भोजन करने जा रहे हैं। शिक्षा समिति अध्यक्ष परशु राम रात्रे, ग्रामीण डुनेश्वर प्रसाद टंडन, पंच गेंदराम जोशी ने बताया कि मामले को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग के पास कई बार गए हैं, पर मात्र आश्वासन ही दिया गया है। शिक्षक की कमी के चलते स्कूल में पढ़ाई का स्तर गिरता जा रहा है। दर्ज संख्या के हिसाब से स्थाई शिक्षक की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि विगत तीन सालों से हमारे साथ छलावा किया जा रहा है, लेकिन इस बार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। अगर एक सप्ताह के अंदर शिक्षक व्यवस्था नहीं की गई तो सभी पालक स्कूल बंद करने की मांग करेंगे।

## प्राथमिक शाला पचरी में पर्याप्त शिक्षक न होने से पढ़ाई प्रभावित

### लगातार कम हो रही दर्ज संख्या

ग्रामीणों ने बताया कि विगत तीन सालों से शिक्षक की स्थाई व्यवस्था न होने के कारण दर्ज संख्या लगातार कम हो रही है। वर्ष 2022 में दर्ज संख्या 196 थी जो 2023 में 176 और अब 2024 में 171 विद्यार्थी है। पालकों का कहना है कि अभी 171 दर्ज संख्या है, इसलिए अगर स्थाई शिक्षक की व्यवस्था न हुई तो दर्ज संख्या कम होती जाएगी।




### लगातार कर रहे प्रयास: सरपंच

सरपंच श्रीमती हेमलता डड़सेना ने बताया कि तीन साल पहले से ही शिक्षक की मांग को लेकर प्रशासन से लगातार मांग की जा रही है लेकिन शिक्षक की व्यवस्था न कर प्रशासन बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। लचर व्यवस्था के कारण हमारे छात्र-छात्राएं पढ़ाई छोड़ रहे हैं।

## मौसम की दगाबाजी: जिले में सिर्फ आठ हजार हेक्टेयर में हो ही पाई है रोपाई

# रोपाई का समय निकल रहा, नर्सरी भी खराब होने का अंदेशा, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- रोपाई कार्य नहीं पकड़ी गति, बिछड़ रहा किसानी कार्य

जिले में अधिकांश किसान पानी के अभाव में धान की रोपाई शुरू नहीं कर पाए हैं और रोपाई का समय निकलता जा रहा है। इसे लेकर किसान चिंतित काफी चिंतित है। अभी तक रोपाई का कार्य गति नहीं पकड़ पाया है। जिले में मात्र 8 हजार 57 हेक्टेयर में ही रोपाई हो पाई है। यह खरीफ सीजन के लक्ष्य का सिर्फ 14 फीसदी है। जबकि, बोता पद्धति में तकरीबन लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष कुल 2 लाख 60 हजार हेक्टेयर में विभिन्न किस्म के फसलों के क्षेत्रच्छादन का लक्ष्य है। इसमें 2 लाख 47 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लिया जाना है। इसके विरुद्ध अब तक 1 लाख 83 हजार हेक्टेयर में धान का क्षेत्राच्छादन हो गया है। जबकि, जिले में इस साल 58 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई का लक्ष्य है। लेकिन, आषाढ़ माह में कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों में मायूसी के साथ चिंता सताए जा रहा है। जिसके तहत पूर्व में खुर्रा बुवाई करने वाले किसानों की धान निदांई गुड़ाई करने के लायक हो गया है, जिनमें पानी की आवश्यकता है। लईहरा व रोपाई पद्धति से खेती करने वाले किसानों की जमीन सूखा पड़ा हुआ नजर आ रहा है। बारिश के अभाव में अब तक मात्र 8 हजार 57 हेक्टेयर में रोपाई हो पाई है। अब तक रोपाई करने वालों में स्वंय के साधन वाले किसान ज्यादा हैं। किसानों ने बताया कि खेतों में रोपाई के लिए डाले गए नर्सरी में धान का पौधा 30 से 35 दिन का हो गया है और रोपाई शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में थरहा खराब होने की संभावना है।



### जलाशय और तालाब भी खाली

सिंचित क्षेत्र की कृषि भूमि में जिन जलाशयों व लालाबों से सिंचाई होती थे, वे भी खाली हैं। सबसे ज्यादा क्षेत्र को सिंचित करने वाले कोडार जलाशय में मात्र 10 प्रतिशत जलभराव है। अब तक हुई बारिश में कोडार का जलभराव में सिर्फ डेढ़ फीट पानी का ही इजाफा हो पाया है। बारिश से पहले इसमें 5.70 फीट और अब 7.10 फीट पानी है। वहीं, दूसरे सबसे बांध केशवा में 19 फीसदी पानी है।

### जिले में 133 मिमी कम वर्षा

जिले में अब तक मात्र 233 मिमी औसत वर्षा हुई है, जो कि सामान्य औसत वर्षा से 133 मिमी कम है। वहीं, गत वर्ष आज की तिथि में 367 मिमी वर्षा हो चुकी थी। जिससे इसी सीजन तक 40 फीसदी तक रोपाई हो चुकी थी। लेकिन, इस साल अब तक 14 फीसदी तक पहुंचा है। अब पौधा की आयु अधिक होने से बाद में बारिश होने पर भी उत्पादन प्रभावित होने की भी संभावना बढ़ गई है।

### जिले में अब तक 232.6 मिलीमीटर औसत वर्षा

महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 232.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 302.3 मिलीमीटर, बसना में 278.0 मिलीमीटर, सरायपाली में 239.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 218.5 मिलीमीटर, पिथौरा में 200.7 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 156.9 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 19 जुलाई को 6.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बागबाहरा तहसील में 19.4 मिलीमीटर, कोमाखान में 10.7 मिलीमीटर, बसना में 3.2 मिलीमीटर, पिथौरा में 1.1 मिलीमीटर एवं सबसे कम वर्षा महासमुंद और सरायपाली में 1.0 मिलीमीटर दर्ज की गई।

## चावल का उठाव शुरू पर एसडब्ल्यूसी के कर्मचारी अभी भी हड़ताल पर डटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन (एसडब्ल्यूसी) के कर्मचारियों के हड़ताल के चलते तीन दिनों तक गतिरोध कायम रहने के बाद आखिरकार पीडीएस के चावल का उठाव तो शुरू हो गया है। लेकिन, एसडब्ल्यूसी के कर्मचारियों ने इस बात को नकारते हुए कहा है कि हड़ताल खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि वे अपनी मांग नियमितीकरण, श्रम सम्मान राशि सहित 8 सूत्रीय मांग को लेकर अभी भी राजधानी रायपुर में डटे हुए हैं।

बता दें कि छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन कर्मचारी संघ द्वारा अपनी प्रमुख मांग के संबंध में मौखिक और लिखित रूप से शासन- प्रशासन को अवगत कराते रहे हैं। लेकिन, उनकी मांग पर ध्यान नहीं देने के बाद वे 15 जुलाई से प्रदेश स्तर पर हड़ताल पर हैं। इधर, कर्मचारियों के हड़ताल पर चले से पीडीएस के चावल का उठाव प्रभावित हो रहा था। जिसे देखते हुए गुरुवार को डीएम सीडब्ल्यूसी द्वारा किसी तरह चावल का उठाव कराने के लिए कहा गया, जिसके बाद चावल का उठाव जैसे-तैसे शुरू हो पाया है। लेकिन, एसडब्ल्यूसी के नियमित और अनियमित कर्मचारियों का बेमियादी हड़ताल जारी है।

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल को शाम करीब 8 बजे लेखराम दीवान पिता उभय राम निवासी ग्राम जामपाली कमरौद सड़क हादसे में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## महारुद्राभिषेक की तैयारी...



**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सोमवार 22 जुलाई से श्रावण मास की शुरुआत से एक माह का महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी विधायक जनदर्शन कार्यालय के पीछे करवाया जा रहा है। एक माह तक चलने वाले इस महारूद्राभिषेक में अलग-अलग स्थानों से आए पुरोहितों द्वारा रूद्राभिषेक तथा महामृतुंज्य का जाप-अनुष्ठान कराया जाएगा।

# वार्डों को यथावत रखने या नए सिरे परिसीमन करने नपं का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वार्डों के किए गए परिसीमन को अव्यहारिक एवं गलत बताते हुए नगरवासियों द्वारा शुक्रवार को नगर पंचायत तुमगांव के सामने धरना देकर उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कारियों ने मांग रखी कि नगर पंचायत के वार्डों को यथावत रखा जाए या वार्ड परीसीमन जनप्रतिनिधियों, वार्डवासियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के सामने एवं सहमति लेकर किया जाए। करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम एवं सीएमओ द्वारा आश्वासन दिया गया है कि वार्डों का परिसीमन पुनः किया जाएगा। नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष रोशन साहू ने बताया कि वार्ड 01 के बाद वार्ड 02 आना है। लेकिन, सीधे वार्ड 03 कर दिया है। जबकि, वार्ड 02 के जनसंख्या को वार्ड 10 एवं वार्ड 12 में जोड़ा गया है। इसी प्रकार वार्ड 03 के जनसंख्या को वार्ड 11 एवं 04 में जोड़ा गया है। वार्ड 04 की जनसंख्या में लगभग 160 की वृद्धि की गई है। जिसमें वार्ड 03 के जनसंख्या को जोड़ा गया है, जबकि वार्ड 04 वार्ड 09 से लगा हुआ है। वार्ड 04 की जनसंख्या पहले ही कम थी, उसके बाद भी वार्ड 04 के जनसंख्या को 05 में जोड़ा गया है। वार्ड 06 में लगभग 93 जनसंख्या बढ़ाया गया है। जिसमें वार्ड 08 एवं वार्ड 05 की जनसंख्या से लिया गया है। जबकि, पूर्व में ही वहां जनसंख्या कम था। वार्ड 07 में 91 जनसंख्या बढ़ाया गया, जिसमें वार्ड 11 से लिया गया है। वार्ड 08 की लगभग जनसंख्या 70 जोड़ा गया, जिसमें वार्ड 07 एवं वार्ड 11 को जोड़ा गया। इसी प्रकार सभी वार्डों के परिसीमन में कई विसंगतियां देखने को मिल रही है। इस दौरान गजेंद्र कुमार साहू पार्षद, विजय बांधे पार्षद, कपिल साहू पूर्व पार्षद, केके साहू, चैनूराम साहू, राजेश कुमार, प्रवीण दीवान, रामशरण निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर सहित सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहें।



## रेलवे स्टेशन का 16 करोड़ रुपए की लागत से रिनोवेशन, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

# भारतीय रेलवे बदल रहा महासमुंद स्टेशन का पूरा स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे 16 करोड़ की लागत से स्थानीय रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आरपीएफ थाना, टीटीई ऑफिस और कंट्रोल रूम को छोड़कर तमाम भवन को तोड़ दिए गए हैं और नए सिरे इन भवनों निर्माण का किया जा है। वहीं, पुराने कैंटीन के पास और उसी के सीध में दो नंबर प्लेटफार्म में एस्केलेटर मशीन के फ्रेम स्थापना के लिए प्रथम चरण में गड्ढा खोदाई का कार्य शुरू हो गया।

बता दें कि कुल 16 करोड़ की लागत से स्टेशन को यात्री सुविधाओं से लैस किया जाएगा। जहां एक और स्टेशन के प्लेटफार्म को बड़ा किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर यात्री प्रतीक्षालय का काम शुरू किया जा चुका है। हालांकि, बारिश की वजह से कार्य की गति धीमी जरूर है। लेकिन, बारिश का सीजन समाप्त होते ही कार्य और भी गति पकड़ेगा। रायपुर के बाद हमारा महासमुंद ऐसा स्टेशन होगा जहां एस्केलेटर की सुविधा होगी। इसके बाद भुनेश्वर तक यह सुविधा नहीं है। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक आने-जाने के लिए सुविधाजनक स्वचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर) और लिफ्ट संभवतः 2025 जनवरी तक शुरू होने की उम्मीद है। निर्माण कंपनी के अनुसार दोनों प्लेटफार्म पर आने-जाने के लिए चार एस्केलेटर तथा दो लिफ्ट लगाने का कार्य आदेश मिला है। एस्केलेटर स्टेशन में प्रवेश करते ही दाहिने ओर बनाया जा रहा है। फुट ओवर ब्रिज के पास मार्किंग कर लेआउट दिया जा चुका है।



### दिव्यांग, बुजुर्गों के लिए वरदान साबित होगा

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर आवागमन के लिए लिफ्ट तथा स्वचालित सीढ़ियां रेल यात्रियों के अलावा विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व दिव्यांगों तथा मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। वर्तमान में यात्रियों को प्लेटफार्म संख्या 1 से 2 तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता अख्तियार करना पड़ता है। एस्केलेटर की स्थापना से यात्रियों को पैदल पुलिया और फुट ओवरब्रिज का लंबा रास्ता तय करने की मुश्किल से आजादी मिलेगी।

### संचालित होंगे कई विभाग वेटिंग हॉल और शौचालय भी

यहां से रेलवे के विभिन्न विभाग जिसमें संरक्षा, सिग्नल, टीसी, जीआरपी आरपीएफ, संचालित होंगे। चौड़ी सड़क, वेटिंग हॉल, डिस्प्ले बोर्ड, शयन कक्ष, एनाउंसमेंट, शौचालय एवं पूछताछ काउंटर की सुविधा रहेगी। रेलवे स्टेशन का विस्तार होने के साथ यात्री सुविधाओं में विस्तार होगा। रेलवे स्टेशन में ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए खान-पान की सुविधा देने कैंटीन के साथ यात्रियों को मनोरंजन की सुविधा रहेगी।

### पचरी में घर के बाहर से बाइक चोरी

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी में घर के बाहर खड़ी मोटर सायकल चोरी हो गई, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पचरी निवासी विमल कुमार डड़सेना अपने बड़े भाई ईश्वर प्रसाद डड़सेना की मोटर सायकल सीजी 06 जीजे 1248 कीमत 20,000 रुपए को 3 जुलाई को रात्रि में करीब 8.30 बजे अपने घर के बाहर हैंडिल लॉक कर खड़ा किया था। सुबह देखा तो मोटर सायकल घर के बाहर नहीं थी, किसी ने उसे चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### जाल देख मछली के लालच में शराबी की तालाब में डूबने से मौत

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में बूढ़ा तालाब में जाल देख एक शराबी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। घटना गुरुवार देर शाम सवा सात बजे की है। युवक की लाश को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर तालाब से बाहर निकाला है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के पुजारी नगर निवासी बबलू मरकाम की तालाब में डूबने से मौत हुई है। घटना दिनांक को वह शराब के नशे में धुत्त होकर जा रहा था। इसी दौरान मारवाड़ी श्मशान घाट के पास बबलू ने तालाब में मछली फंसाने वाला जाल देखा। जाल देखने पर बबलू को आशंका हुई, जाल में कोई मछली फंसी होगी। मछली पकड़ने के लालच में वह तालाब में कूद गया। तालाब में कूदने पर बबलू मछली पकड़ने वाले जाल में बुरी तरह से फंस गया और वह पानी से बाहर निकल नहीं पाया। उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक युवक के तालाब से बाहर नहीं निकलने पर लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से बबलू की लाश को तालाब से बाहर निकाला।

### वंदना ऑटो से सेंट्रल लाइब्रेरी तक सड़क पर वाहन पार्क, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन-7 नगर निवेश विभाग और मुख्यालय उड़नदस्ता ने यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में सड़क पर वाहन पार्क करने वालों पर कड़ाई बरती। नियम विपरीत गाड़ी पार्क करने पर 7 फर्मों से 80 हजार रुपए जुर्माना वसूला। राजधानी के जीई मार्ग पर वंदना बजाज ऑटो से लेकर सेंट्रल लाइब्रेरी तक सड़क पर फर्म की गाड़ियां नियम विपरीत पार्क किए जाने पर 7 बड़े फर्मों पर 80 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। इसमें छत्तीसगढ़ ऑटो डील, ओला शोरूम, गरीब नवाज गैरेज, अन्या शॉप से 10-10 हजार रुपये, विदेशी मदिरा दुकान, कार श्रृंगार से 20-20 हजार रुपये और लेंस ट्रेक शॉप से 5 हजार रुपये जुर्माने की वसूली की गई। निजी वाहन सड़क पर नियम विपरीत पार्क करने और गंदगी फैलाने निगम अमले ने कार्रवाई की।

### जाति सरलीकरण में समस्या कलेक्टर से महापौर ने की मुलाकात, सौंपा पत्र

**रायपुर।** जाति प्रमाणपत्र बनाने में आ रही दिक्कत को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने एमआईसी सदस्यों के साथ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि जनहित में इस महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखकर जाति प्रमाणपत्र सरलीकरण में दस्तावेजों की जांच कराकर प्रमाणपत्र बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। श्री ढेबर ने उन्हें जाति प्रमाणपत्र सरलीकरण में आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष सुंदर जोगी, एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार, अंजनी विभार, पार्षद प्रकाश जगत उपस्थित रहे।

### काशीराम नगर के प्रभावित मठपुरैना में होंगे शिफ्ट

**रायपुर।** रिंगरोड से लगे और केनॉल रोड के समीप स्थित काशीराम नगर में जर्जर 225 मकानों में रहने वाले परिवारों का मठपुरैना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास में विस्थापन होगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने विभागीय अफसरों को इसके लिए निर्देश दिए हैं। निगम कमिश्नर ने गुरुवार को गुरु घासीदास वार्ड पार्षद शीतल-कुलदीप बोगा सहित निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में काशीराम नगर के आवासों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। आयुक्त ने इन मकानों को जर्जर पाया। उन्होंने अधीनस्थ अफसरों से जल्द प्रभावित परिवारों को मठपुरैना में निर्मित पीएम आवास में विस्थापित किए जाने स्थल पर अपनी सहमति दी।

# स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर बीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि समेत अपने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल में जाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय आनंद कोसरिया को ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा विगत 6 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार ज्ञापन एवं आवेदन दिया जा चुका है। इसके बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं होने के कारण उक्त कर्मचारियों में शासन के प्रति भारी रोष व्याप्त है, जिससे आंदोलन में जाने विवश हो रहे है। विदित हो कि पिछली जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27% वेतन वृद्धि का प्रावधान किया गया था। परंतु, उक्त वेतन वृद्धि का लाभ स्वच्छता मिशन मनरेगा, समग्र शिक्षा विभाग को मिल गया है। जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एंव एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के 15000 संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ अभी तक नहीं मिला है, जिससे विवश होकर एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा 22 व 23 जुलाई को बड़ा आंदोलन किया जाएगा। 18 सूत्रीय मांगों में नियमितिकरण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, वेतन विसंगति निराकरण, सी आर व्यवस्था में सुधार, चिकित्सा परिचर्या, अवकाश नियम में बदलाव, अनुकंपा नियुक्ति और अनुदान में राशि में वृद्धि, सेवा पुस्तिका संधारण, तबादला व्यवस्था में नियमितता आदि शामिल है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के शीतल सिंह, विनय प्रधान, घनश्याम साहू, हेमचंद मांझी, भुनेश्वर पटेल मौजूद रहे।

# राजीव मितान क्लब की जानकारी नहीं देने वाले पदाधिकारियों को पालिका ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

■ सीएमओ ने कहा: तीन दिन में जानकारी नहीं देने पर रिकवरी की होगी कार्रवाई

राजीव मितान के पदाधिकारी नगर पालिका में आडिट रिपोर्ट जमा नहीं कर रहे हैं। पालिका प्रशासन ने सभी क्लबों को एक बार फिर नोटिस जारी किया है। तीन दिन का समय दिया गया है। तय समय में इसे जमा नहीं करने पर रिकवरी की कार्रवाई शुरू की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने बताया है कि नगर पालिका परिषद महासमुंद तहत कुल 15 राजीव मितान क्लब है। इन क्लबों के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद के लिए एक साल में 25-25 हजार की चार किस्तों में एक लाख की राशि शासन से जारी की गई थी। पालिका अधिकारी के मुताबिक नगर पालिका महासमुंद क्षेत्र के राजीव मितान क्लब के अध्यक्ष, सचिव को सूचना दिया गया है। उनसे कार्यक्रम कराने के संबंध जानकारी मांगी है। उपयोगिता प्रमाण पत्र भी मांगा गया है। इसके लिए तीन दिन का समय दिया गया है। अगर समयावधि में जानकारी नहीं आती है तो प्रशासन रिकवरी की कार्रवाई करेगी। ज्ञात हो कि प्रत्येक राजीव मितान क्लब को मिलने वाली राशि से सामाजिक, सांस्कृतिक, और खेलकूद कार्यक्रम करना था। इसकी जानकारी नगर पालिका को देना था, लेकिन क्लबों ने अभी तक ऐसा नहीं किया।

### पंडरी, तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे खेलों की प्रैक्टिस करने मिलेगा स्थान

**रायपुर।** मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर शहर में डेढ़ दर्जन स्थानों पर युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने नगर निगम खेल अभ्यास करने सुरक्षित स्थान उपलब्ध करायेगा। पंडरी और तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल प्रेक्टिस के लिए जगह दी जायेगी। इसके लिए बाक्स बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को पंडरी व तेलीबांधा फ्लाईओवर के नीचे युवाओं के लिए तैयार किये जा रहे बैडमिंटन कोर्ट के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया।

## जिला अस्पतालों की भीड़ कम करने की पहल का ऐसा हाल

# 12 हमर क्लीनिक का निर्माण अधूरा, जहां काम पूरा, वहां भी नहीं मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जिले में शहरी स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी के लिए बनाई गई योजना की सुविधा अभी भी कई क्षेत्र में लोगों को नहीं मिल पाई है। सरकार ने 52 जगह हमर क्लीनिक के लिए बिल्डिंग निर्माण करने के लिए आदेश किया। इनमें से 38 हमर क्लीनिक का काम पूरा हो गया है, जबकि 12 जगह निर्माण अधूरा है। वहीं 2 जगह क्लीनिक के लिए जिम्मेदार जमीन भी तय नहीं कर पाए हैं। इससे लोगों को इलाज की सुविधा के लिए भीड़ का हिस्सा बनना पड़ रहा है।

सरकार ने जनवरी 2023 में लोगों की बेहतरी के लिए 46 तरह की दवाएं हमर क्लीनिक में उपलब्ध कराने के लिए प्लानिंग की गई। इसके लिए बिल्डिंग बनाने के लिए प्रति क्लीनिक के लिए 25 लाख रुपए तय किया, यानी 13 करोड़ में 52 जगह सिर्फ हमर क्लीनिक के लिए भवन बनाने का प्रावधान किया गया। अभी स्थिति यह है कि 38 जगह काम पूरा होने के बाद भी सभी क्लीनिक को जिम्मेदार शुरू नहीं करवा पाए हैं। इससे बीपी व शुगर की जांच करवाने के लिए अभी भी जिला अस्पताल, अंबेडकर अस्पताल और हमर अस्पताल में भीड़ का हिस्सा बनना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने हमर क्लीनिक बनाने की योजना बड़े अस्पतालों में लगने वाली कतार को कम करने के लिए किया था।




### यह सुविधा मिलेंगी क्लीनिक में..

- हर क्लीनिक में एक एमबीबीएस डॉक्टर सहित 4 स्टाफ होंगे।
- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक, शाम 5 से रात 8 बजे तक ओपीडी।
- हमर क्लीनिक में मरीजों को 46 तरह की दवाएं मिलेंगी।
- किट से रोगियों की 7 तरह की पैथोलॉजी जांच की जाएगी। इसमें एचबी, सिकलिंग, शुगर, एचआईवी, मलेरिया, डेंगू व प्रेग्नेंसी टेस्ट शामिल।



### सेवा की बेहतरी के लिए पहल

हमर क्लीनिक को बड़े सरकारी अस्पतालों में रोज होने वाली ओपीडी की भीड़ को कम करने के लिए शुरू किया भी गया है। कुछ स्थानों पर अभी निर्माण अधूरा है, उसे संज्ञान में लिया जाएगा। जहां काम पूरा है, वहां जल्द ही इलाज की सुविधा दी जाएगी।
- **डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ, रायपुर

### कहीं निर्माण पूरा कहीं काम बंद

शिवानंद नगर में हमर क्लीनिक बनकर तैयार है, लेकिन लोगों को इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। इसके चलते लोगों को सामान्य बीमारी का इलाज कराने के लिए गुढियारी स्थित हमर अस्पताल में घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। खमतराई स्थित जोन कार्यालय के पास निर्माणाधिन हमर क्लीनिक का काम बंद है। इस तरह की स्थिति जिले में 12 स्थानों पर है। सूत्रों ने बताया कि समय पर फंड नहीं मिलने से एजेंसी ने काम रोक दिया है।

### खर्च से बचाने की गई थी पहल

'हमर क्लीनिक' योजना इसलिए शुरू किया गया, ताकि प्राइवेट अस्पताल में मनमाने फीस व महंगी दवाओं के बोझ से लोगों को राहत मिले। इससे एक ओर जहां मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पतालों में ओपीडी की भीड़ कम करने पहल की गई। वहीं लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से योजना बनाई गई। जहां मौसमी सर्दी, खांसी, बुखार सहित छोटी बीमारियों के इलाज होने से जिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।



# सिद्धेश्वर शिव मंदिर के लिए समिति का गठन, लखनलाल बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

शहर के प्राचीनतम शिव मंदिर चेकपोस्ट झिलमिला में सिद्धेश्वर शिव मंदिर के रखरखाव एवं जीर्णोद्धार के लिए बैठक रखी गई और समिति का गठन किया गया। समिति का नाम महादेव मंदिर के नाम से ही सिद्धेश्वर शिव मंदिर समिति, चेक पोस्ट, झिलमिला प्रस्तावित किया गया। समिति के लिए सभी पदाधिकारी का चुनाव सर्व समिति से निर्विरोध किया गया अध्यक्ष लखनलाल पटेल, उपाध्यक्ष राघव प्रधान, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव सुरेंद्र सामंतराय, सह सचिव अमित श्रीवास को मनोनीत किया गया है। साथ ही अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चयन अध्यक्ष के अनुमोदन पर किया गया। वार्ड क्रमांक 8 एवं वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद को सर्व सहमति से पदेन संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया। समिति के कार्यों की जानकारी देते हुए समिति के सदस्य नरसिंह अग्रवाल एवं सामंतराय (भुरू महाराज) ने बताया कि समिति गठन के बाद प्रथम कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। वर्तमान में आगामी सावन महीना को देखते हुए कुआं की साफ सफाई एवं शेड निर्माण, पेड़ की छंटाई एवं मंदिर परिसर में अस्थाई छावनी बनाने का प्रस्ताव किया गया। जिससे मंदिर में आने वाले भक्तों को सुविधा प्राप्त हो सके एवं श्रावण सोमवार में कांवड़ियों के विश्राम आदी के लिए व्यवस्था करने के लिए प्रस्ताव किया गया।

# मॉनिटर लिजर्ड मारकर मांस बेचते एक युवक गिरफ्तार

■ तीन दिन पूर्व सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति से चार जिंदा मॉनिटर लिजर्ड जब्त किया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ शेड्यूल-1 गोह प्रजाति के सरीसृप के मांस की राजधानी में बड़े पैमाने पर हो रही खरीदी बिक्री

वन विभाग की टीम ने गुरुवार को चंगोराभाठा में एक युवक को शेड्यूल-1 प्रजाति के मॉनिटर लिजर्ड (गोह सांप) को काटते गिरफ्तार किया है। वन विभाग की गिरफ्त में आया आरोपी मॉनिटर लिजर्ड को मारकर उसका मांस बिक्री करने की फिराक में था। युवक को गिरफ्तार कर वन विभाग की टीम ने फिलहाल सिविल लाइंस थाने में रखा है।

आरोपी के खिलाफ शुक्रवार को पीओआर दर्ज कर वनकर्मी शुक्रवार को कोर्ट में पेश करेंगे। रेंज अफसर सतीष मिश्रा के मुताबिक वन्यजीव प्रेमी की सूचना पर चंगोराभाठा की एक बस्ती में छापे की कार्रवाई करते हुए अजय नेताम को मॉनिटर लिजार्ड को मारकर उसकी मांस बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग की टीम कार्रवाई करने पहुंची, ठीक उसके पांच मिनट पूर्व आरोपी मॉनिटर लिजार्ड को मारकर काटने की तैयारी कर रहा था। इस कार्रवाई में वसीम कासर, यशवंत सिंह ठाकुर, अशोक कौशिक, अभिषेक जैन तथा अमृतपाल सिंह की प्रमुख भूमिका रही।



### चार दिन पूर्व चार मॉनिटर लिजर्ड रेस्क्यू किया गया

वन विभाग के अफसरों के मुताबिक सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में एनआईटी कालेज के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से चार मॉनिटर लिजर्ड रेस्क्यू किया था। पूछताछ में अजय ने वन विभाग की टीम को बताया है कि रायपुर के ज्यादातर इलाकों में लोग बड़े पैमाने पर मॉनिटर लिजर्ड के मांस का सेवन कर रहे हैं। अजय जहां रहता है, उस क्षेत्र के ज्यादातर लोग मॉनिटर लिजर्ड के मांस का सेवन करते हैं।

### अंधविश्वास के कारण मांस का भक्षण

मॉनिटर लिजर्ड का मांस खाने से शक्ति बढ़ने का अंधविश्वास है। इसके चलते रायपुर तथा आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लोग इस सरीसृप के मांस को खाते हैं। वन विभाग की गिरफ्त में आए युवक ने टीम को बताया कि उसकी मां लकवाग्रस्त है, इसलिए वह अपनी मां को गोह सरीसृप का मांस खिलाता है। पूछताछ में अजय ने वन विभाग की टीम को बताया है कि उसने तीन सौ रुपए किलो के भाव में गोह को खरीदा है, जिसमें का कुछ हिस्सा वह अपने पास रखने के बाद शेष मांस को छह सौ रुपए में बेच देता।

# बाजारों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने चैंबर ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

■ पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार विकसित करने आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को गांधी सदन में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शहर के बाजारों को स्मार्ट बाजार के तहत मूलभूत सुविधा विकसित करने ज्ञापन सौंपा। इसमें मालवीय रोड में पिंक टायलेट, सदर में सार्वजनिक शौचालय और बंजारी मार्केट में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाने की मांग की।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रमसिंह देव सहित चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर नगर निवेशक निशिकांत वर्मा मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया, शहर के बंजारी रोड, सदरबाजार, मालवीय रोड, स्टेशन रोड, एमजी रोड स्थित बाजारों में प्रदेशभर से लोग आकर खरीदारी करते हैं। लोगों की आवाजाही को देखते हुये ऐसे बाजारों के लिए एक स्मार्ट बाजार की तर्ज पर स्वास्थ्य प्रणाली, परिवहन व्यवस्था, सुरक्षा के लिए बेहतर निगरानी, स्मार्ट बुनियादी ढांचा, बेहतर रोजगार के अवसर और अन्य तरह की दूसरी सुविधाएं शामिल की जाएं।

### मालवीय रोड में पिंक टायलेट, सदर में सार्वजनिक शौचालय की मांग

*चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को अवगत कराया कि शहर के पारंपरिक बाजारों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए पूर्व में जगह भी चिन्हांकित की गई, जो इस तरह से है : -*



- निवेदिता स्कूल के सामने शौचालय के लिए स्थान का चयन
- कटोरा तालाब झूलेलाल सरोवर और इलेवन स्टार ग्राउंड के पास स्मार्ट टायलेट के लिए जगह
- मार्बल मार्केट पचपेड़ीनाका में सुलभ शौचालय की सुविधा
- बंजारी रोड में पुरुष एवं महिलाओं के लिये अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था
- सदर बाजार में सार्वजनिक शौचालय की मांग
- मालवीय रोड में भी पिंक टॉयलेट, एमजी रोड और सिंधी बाजार में महिला एवं पुरुष शौचालय
- शीतला चौक के पास व मिलेनियम प्लाजा परिसर में सुलभ शौचालय
- एमजी रोड, जवाहरनगर, मांगड़ापारा में सार्वजनिक शौचालय, महिलाओं के लिए पिंक टायलेट, भाठागांव, गुढ़ियारी पड़ाव, महादेवघाट, अश्विनी नगर में महिला व पुरुष शौचालय निर्माण।

# सरोरा में पेपर मिल के केमिकल से दूषित हो रहा बोर का पानी


■ बरसात में संक्रमण के खतरे को लेकर कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सरोरा-गोंदवारा मार्ग के पास स्थित एक पेपर मिल प्रबंधन द्वारा केमिकल युक्त एसिड पानी को खाली जमीन पर छोड़ा जा रहा है। इससे बजरंग नगर बस्ती के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले को लेकर कलेक्टर से जुलाई में शिकायत की गई है। इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से बस्ती में बोर का पानी भी दूषित होने लगा है।

बिरगांव निगम के सरोरा वार्ड में ईश्वर पेपर मिल से निकलने वाले केमिकल व एसिड युक्त पानी को खाली जमीन पर छोड़ने की शिकायत 15 जुलाई को यशवंत निर्मलकर ने की है। इसमें बताया गया है कि कई बार जिम्मेदारों को इसकी रोकथाम के लिए आग्रह किया गया, इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। इससे बस्ती में 2 हजार से ज्यादा परिवारों की सेहत का खतरा बना हुआ है, जो निगम द्वारा करवाए गए बोर के पानी का इस्तेमाल करते हैं। कंपनी प्रबंधन द्वारा छोड़े जा रहे दूषित पानी से अब भूमिगत जल का उपयोग करने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ने लगा है।



*मामले को संज्ञान में लेंगे अगर केमिकल युक्त पानी के कारण भूमिगत जल दूषित होने की शिकायत है, तो क्षेत्र का लोकेशन दीजिए, मामले को संज्ञान में लिया जाएगा। इसके लिए जिम्मेदारों को कार्रवाई के लिए निर्देशित करूंगा।*
*- गौरव सिंह, कलेक्टर, रायपुर*

### पानी की जांच कराने की मांग

बजरंग नगर के लोगों की समस्या को देखते हुए शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से बस्ती में करवाए गए बोर के पानी की जांच करवाने की मांग भी की है। बताया गया है कि खाली जमीन पर केमिकल युक्त पानी छोड़ने से क्षेत्र में पेयजल का स्वाद बिगड़ने लगा है। बोर के पानी का उपयोग बस्ती में संचालित सरकारी स्कूल के करीब 500 बच्चे भी करते हैं। इससे दूसरे वार्ड व मोहल्ले से आने वाले बच्चे भी बीमार होते हैं। इसे देखते हुए जनहित में शिकायत करने का जिक्र किया गया है।

# अवैध कब्जा हटवाने निगम आयुक्त सड़क पर सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका तक पैदल भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर में एक अरसे बाद निगम अमला सड़क के दोनों ओर अवैध कब्जा कर सड़क यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ एक्शन मोड में नजर आया। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा विभागीय अफसरों के साथ टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका तक पैदल चले। इस दौरान जोन 6 के नगर निवेश विभाग ने 5 बड़े फर्मों पर 1 लाख 5 हजार रुपए जुर्माना किया। 8 संस्थानों से गंदगी फैलाने पर 21,500 रुपये जुर्माना लगाया। राजधानी के टिकरापारा सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका चौक तक सड़क के दोनों ओर ठेला-खोमचा, गुमटी लगाने और सड़क कब्जा कर गाड़ियों की अवैध पार्किंग करने वालों पर निगम अमले ने कड़ाई बरती। इस दौरान नालियों पर किये कब्जों को हटाया गया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दोनों ओर की सड़क को पूरी तरह कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही यातायात पुलिस के साथ मिलकर तत्काल करने के निर्देश दिये। आयुक्त के आदेश पर जोन 6 अमले ने 5 बड़े फर्मों से सड़क बाधा शुल्क वसूलने की कार्रवाई की। इनमें संजय गोयल पर 10 हजार रुपये, आरसन आटो पर 20 हजार, बाफना मोटर्स पर 30 हजार रुपये, एसके ट्रेडर्स पर 5 हजार और एलन कोचिंग पर 40 हजार रुपये रुपए इस प्रकार कुल 1,05000 रुपये का जुर्माना सड़क बाधा शुल्क के रूप में वसूला गया।

### जुर्माना यहां भी

*जोन 6 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गंदगी व कचरा फैलाने पर आवासीय क्षेत्र में संचालित अवैध डेयरी के संचालक पर 5 हजार रुपये, टाइल्स दुकान संचालक अनिल राय पर 5 हजार, होटल संचालक धनराज साहू पर 2 हजार, साहू रेडीएट होटल पर 500 रुपये, लक्ष्मी नारायण दुकान पर 1,500 रुपये,प्लाई दुकान के संचालक पर 500 रुपये, पचपेड़ी नाका मार्बल लाइन में दुकान संचालक सुनील साहू पर 2 हजार, जैन मार्बल्स पर 5 हजार रुपये जुर्माना किया है। सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से लेकर पचपेड़ी नाका चौक तक पैदल भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएसअग्रवाल, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, राजेश राठौर, संजय वर्मा, सहायक अभियंता नगर निवेष नीतिश झा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा, उपअभियंता नगर निवेश हिमांशु चंद्राकर शामिल रहे।*

**खबर संक्षेप**



### करंट के चपेट में आए सरपंच का कुशलक्षेम जानने पहुंचे विधायक

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भटगांव सरपंच रेवाराम चौहान विद्युत करंट के चपेट में आकर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को हुई तो वह उनसे अस्पताल में मिलने पहुंचे और उनका हाल चाल जाना। साथ ही उनके स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सकों से चर्चा भी की।

**निधन**

### सालिक राम चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी सालिक राम चंद्राकर (80) का 19 जुलाई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे नरेंद्र चंद्राकर के पिता, लक्ष्य चंद्राकर के दादा व अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार, द्वारिका, भुनेश्वर चंद्राकर के चाचा थे।

**आंदोलन : रैली और धरना प्रदर्शन के दौरान इंडोर स्टेडियम का हुआ लोकार्पण, नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन**

# जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने खल्लारी विधायक के नेतृत्व में खोला मोर्चा, बागबाहरा पालिका का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकाय बागबाहरा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी की भ्रष्ट कार्य प्रणालियों के चलते जनहित के मामलों में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं, जिसकी शिकायत पर पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा नगर पालिका सीएमओ के खिलाफ शुक्रवार को रैली निकालकर जंगी धरना प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका का घेराव किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य मार्ग से विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं आम जनता तथा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने रैली की शक्ल में नगर पालिका पहुंचे। जहां नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और बागबाहरा नगर पालिका का घेराव किया गया। ज्ञात हो कि बागबाहरा नगर के नागरिकों द्वारा लगातार नगर पालिका सीएमओ की कार्यप्रणाली की शिकायत की जा रही थी। नागरिकों का कहना था कि नगर पालिका सीएमओ की लापरवाही के चलते ना ही नगर में ठीक से सफाई हो रही है और ना ही जनहित के मुद्दों पर काम हो रहा है। जिसकी शिकायत जब उन्होंने विधायक यादव से की तो उन्होंने पहले कार्यप्रणाली में सुधार के लिए अल्टीमेटम दिया, लेकिन अल्टीमेटम देने के बाद भी जब नागरिकों की समस्याओं का समाधान होते हुए जब नहीं दिखा तो आज नगर पालिका का घेराव किया।

इस धरना प्रदर्शन को विधायक यादव के साथ-साथ शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलवीर बग्गा सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बागबाहरा नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ-साथ नवनीत सलूजा, ताम्रध्वज बघेल (युवा कांग्रेस अध्यक्ष खल्लारी), नगर पालिका बागबाहरा के पार्षदगण मंता यादव (पार्षद), रामकुमार ठाकुर (पार्षद), खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल (पार्षद), गणेश शर्मा, फिरोज मेमन, दुर्गा सागर, मिथुन, अमीर, कुंती महानंद, बड़ा खान, शहजान पाशा , लोकेश दीवान, लोकेश उईके, सतवीर सिंग दुआ, राहुल यादव, सोनू सहिस, सन्नी सिंग दुआ, डेमन ठाकुर, अंजोर ठाकुर, राजू महानंद, हेमंत सेन, मोहन, तूफान दीवान, दुर्गेश यादव, शैलेश साहू, एडिशन ठाकुर, देवेश साहू, खोमेश साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिकजनतथा कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



### खंबा तालाब की मछलियों की मौत का जिम्मेदार कौन

विधायक यादव ने कहा कि बागबाहरा नगर के मध्य में स्थित खंबा तालाब जलकुंभी से पटा हुआ है। जिसके चलते ऑक्सीजन की कमी जल में होने के कारण तालाब में मछलियों की आसामिक मृत्यु हो रही है, इन मछलियों की मौत का जिम्मेदार आखिर कौन है? खंबा तालाब का उसके पास बसे हुए बागबाहरा के नागरिकों द्वारा निस्तारी के रूप में उपयोग किया जाता है। लेकिन, इस तालाब में जलकुंभी होने के चलते तालाब में भारी गंदगी का आलम है। नागरिकजन उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। वही जलकुंभी के कारण पानी में ऑक्सीजन की कमी होने के चलते मछलियों के मरने से भारी दुर्गंध उत्पन्न हो रही है और आसपास के घरों के रहने वाले नागरिकों का जीना दूभर हो गया है। जब उक्त तालाब की सफाई के लिए नागरिकों द्वारा बार-बार निवेदन करने पर भी नगर पालिका सीएमओ द्वारा उदासीनता दिखाते हुए जनहित के मुद्दों को इस प्रकार नजरअंदाज करना नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। वहीं विभिन्न मामलों में बागबाहरा नगर पालिका सीएमओ की नागरिकों द्वारा शिकायत पहुंचने के चलते आज हमें यह कदम उठाना पड़ा है। विधायक ने राज्य के नगरी प्रशासन विभाग से उक्त पालिका अधिकारी के खिलाफ कड़ी सी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बागबाहरा नगर में व्याप्त जनहित के मुद्दों वाली समस्याओं के शीघ्र निदान होने की अपेक्षा भी नगरी प्रशासन विभाग से की है।

### इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन रैली एवं धरना प्रदर्शन के दौरान हुआ

वहीं बागबाहरा में बने इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण रैली एवं धरना प्रदर्शन के दौरान विधायक द्वारा किया गया। इस विषय मंस विधायक यादव ने बताया कि आचार संहिता लगने के पहले इंडोर स्टेडियम का काम पूरा हो चुका था, लेकिन, नगर पालिका सीएमओ की लापरवाही और उदासीनता के चलते इसका उद्घाटन नहीं हो सका था। वही खिलाड़ियों केवल से लगातार मांग की जा रही थी कि शीघ्र इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन हो और हम उसका उपयोग कर सकें। लेकिन, नगर पालिका सीएमओ लगातार इसके उद्घाटन को लेकर आगे-पीछे करते हुए खिलाड़ियों को परेशान कर रहे थे। नगर के नागरिकों, पालिका के पार्षदों द्वारा जब पालिका के सीएमओ से स्टेडियम के उद्घाटन के विषय में पूछा गया तो वह फिर से टालमटोल करते नजर आए, जिस पर नागरिकों एवं खिलाड़ियों ने आज ही उद्घाटन की मांग की, जिस पर नगर के नागरिक व पार्षदगण विधायक यादव के नेतृत्व में स्टेडियम की ओर जाने के लिए आगे ही बढ़े थे कि पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें रोक दिया गया। जिस पर रोके गए स्थान पर ही श्रीफल तोड़कर एवं फीता काटकर नगर के नागरिकों एवं पार्षदगणों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण किया गया।

### बागबाहरा पालिका सीएमओ को विधायक ने कहा भ्रष्ट अधिकारी

इस दौरान उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि बागबाहरा नगर पालिका का सीएमओ छत्तीसगढ़ का नहीं बल्कि देश का सबसे भ्रष्ट अधिकारी है और उसकी कारगुजारियों और उदासीनता के चलते बागबाहरा पालिका क्षेत्र की जनता त्रस्त हो गई है। बागबाहरा पालिका सीएमओ की उदासीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पालिका क्षेत्र में 1870 हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास 3 सालों से रुके हुए हैं, वहीं रेलवे के किनारे बसे लोगों के आशियाने को रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने के रूप में उजाड़ा जा रहा है। जिनके लिए नवीन प्रधानमंत्री आवास की मांग करने पर भी उनके कानों में जू नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि इन बातों को तो छोड़िए, बागबाहरा शहर में यत्र-तत्र-सर्वत्र गंदगी देखने को मिल रही है। जिसकी सीधी जिम्मेदारी नगर पालिका सीएमओ की है। उन्हीं के उदासीनता के चलते हमेशा साफ सुथरा रहने वाला बागबाहरा नगर आज गंदगी के ढेर पर बैठा हुआ है। बरसात के मौसम में न जाने कितनी गंभीर बीमारियां यहां के निवासियों को ग्रसित करते हुए मौत के मुंह तक पहुंचा सकती है। जिसके लिए सीधे तौर से जिम्मेदार नगरपालिका का सीएमओ है।

## बायपास निर्माण अभियान को दवा विक्रेता संघ ने दिया समर्थन पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग द्वारा केंद्रीय सड़क एवं सड़क परिवहन मंत्री से बायपास मार्ग निर्माण की मांग के बाद विभिन्न संगठनों द्वारा पालिकाध्यक्ष के अभियान को लगातार समर्थन मिल रहा है। शुक्रवार को नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग को जिला दवा विक्रेता संघ ने भी अपना समर्थन दिया। संघ ने कहा कि बायपास निर्माण के प्रत्येक पड़ाव में महासमुंद दवा विक्रेता संघ नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के साथ सहभागी के रुप में शामिल रहेगा। बायपास निर्माण से आम जनों को लाभ होगा व क्षेत्र के विकास में गति आएगी। उक्त बातें दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष विनोद चंद्राकर व सचिव अरशी अनवर ने नपाध्यक्ष को बायपास अभियान के समर्थन पत्र देते हुए कहीं। नपाध्यक्ष श्रीमति महिलांग ने बताया कि दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने बायपास अभियान के समर्थन पत्र प्रदान करते हुए कहा कि दवा विक्रेता संघ जनहित के प्रत्येक कार्यों में नपाध्यक्ष के सहयोगी के रूप में तत्पर है। संघ व्यापार के साथ समाज सेवा कार्यो व जनहित के कार्यों के प्रति हमेशा सजग है। बायपास अभियान को समर्थन प्राप्त करने नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष विनोद चंद्राकर के कार्यालय पहुंच कर संघ से अभियान पर समर्थन मांगा, जिसे संघ ने सहर्ष समर्थन देना स्वीकार किया। इस दौरान नपाध्यक्ष से दवा विक्रेता संघ पदाधिकारियों ने बायपास निर्माण में केंद्रीय मंत्री से हुई चर्चा को विस्तार से जाना। नपाध्यक्ष के साथ चर्चा के दौरान दवा विक्रेता संघ के मनीष शुक्ला, मनोज मालू, विकास माकड़े, इमरान अहमद, समेत अन्य मौजूद रहे।

## मिनीमाता महतारी जतन योजना से महासमुंद जिले की 8846 हितग्राहियों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**महासमुंद की जागृति को मिला 20 हजार का चेक**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को सहायता देने के लिए मिनीमाता महतारी जतन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से उन गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है, जो भवन निर्माण तथा असंगठित क्षेत्र में निर्माण कार्य में मजदूरी करती हैं या जिनके पति मजदूरी करते हैं। इस योजना से श्रमिक परिवारों में जच्चा और बच्चा की देखभाल अब आसान हो गई है। सरकार गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी के लिए 20 हजार रुपए की सहायता देती है।



महासमुंद जिले में मिनीमाता महतारी जतन योजना की शुरुआत से अब तक 8846 हितग्राहियों को लाभ मिला है। जिसमें सुभाष नगर महासमुंद की जागृति साहू को 20 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। जागृति ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिक हैं। उन्होंने योजना की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग बच्चे के रहन-सहन और उचित देखभाल में किया जा रहा है।

गौरतलब है कि मिनीमाता महतारी जतन योजना का लाभ लेने के लिए महिला श्रमिकों का छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही को बच्चे के जन्म के 90 दिनों के भीतर श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, उत्तराधिकारी का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, शिशु के जन्म प्रमाण पत्र तथा मूल दस्तावेज के साथ श्रम विभाग, लोक सेवा केंद्र या वीएलई के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।



## नगर में हज यात्रियों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हज यात्रा कर लौटे मोहम्मद सरफराज राजवानी व उनकी अहलिया, रियाज बक्श व उनकी वाल्दा की वापसी गुरुवार को होने पश्चात सभी सभी हड यात्री हजरत सैय्यद शाह बाबा रहमतुल्लाह की दरगाह शरीफ बाजार पहुंचे। जहां हाजियों का इस्तकबाल (स्वागत) के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर फूल माला पहनाकर मुबारकबाद दी।

स्वागत के पश्चात हजरत सैय्यद शाह बाबा दरगाह में मुफ्ती आफताब आलम रहमती साहब द्वारा फातिहा खानी कर अल्लाह से हज को कुबूल करने दुआ की गई। इस अवसर पर जामा मस्जिद के सदर इशाक चौहान, गौसिया मस्जिद के सदर शकील रजा खान, शकील लोहानी, मनीषकांत साहू, संतोष कुमार स्वामी, जितेंद्र इसरानी, हरीश कृष्णानी, निखिलकांत साहू, याकूब खान, करीम घोंगी, डॉ मेमन, रज्जाक चौहान, गुलाम मोहम्मद, राशिद चौहान यूनुस रजवानी, नासिर खान, अकित लुनिया, शेर मोहम्मद, युसूफ धनवानी, अनीस राजवानी, शफीक चौहान, बाबू भाई,रज्जाक चौहान, नासिर खान, जाकिर रजा, जुनैद अहमद, अतीक अहमद, असफाक हुसैन, सैय्यद इमरान अली, आदिल चौहान, युसूफ धनवानी, शाहिद चौहान, हसैन खान, शाहनवाज चौहान, फिरोज खान, सैय्यद इरफान अली, रज्जू भाई, जमशेद रजा, सैय्यद तहसीन अली, सरोश अहमद, मिर्जा, रत्नेश साहू, दामू साहू असरफ, फैय्याज अहमद, अमीन रजा, औवैश रजा, वसीम मेमन, आसिफ अशरफ धनवानी,

## विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर एवं सुन्नी मुस्लिम जमात सरायपाली के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन 21 जुलाई 2024 रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा।

शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अखिल जैन (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. सौरभ धरे (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. संजय कुमार अग्रवाल (पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ) और डॉ. योगेश राज सिंह (हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में हृदय रोग, पेट रोग, लिवर, हड्डी रोग, अस्थि रोग, हर्निया, पाइल्स, पित्त थैली की पथरी जैसी बीमारियों पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध होगा। निःशुल्क उपलब्ध सेवाओं में परामर्श, बीपी/शुगर जांच, ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल, एचबीए 1 सी की जांच शामिल हैं। शिविर में आयुष्मान कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो सकेंगे। इस आयोजन के मुख्य प्रायोजक मोहसिन-ए-आज़म मिशन हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर से स्थापित किया है।

**शाही ताजिया में अन्य समाज के लोगों ने भी टेका मत्था**

# मुस्लिम समुदाय ने सादगी से मनाया मोहर्रम त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

हजरत मोहम्मद साहब के नवासे एवं हजरत अली के बेटे इमामे हुसैन के पूरे परिवार द्वारा हक और इंसाफ के लिए दी गई कुर्बानी को याद करते हुए मुस्लिम समाज द्वारा सादगी पूर्वक मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर बनाए गए शाही ताजिया में मुस्लिम समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी माथा टेक कर सभी के लिए अमन-चैन की दुआ मांगी।

मुस्लिम जमात सरायपाली के अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया कि लगभग 1400 वर्ष पूर्व दसवीं मोहर्रम को कर्बला के मैदान में इमामे हुसैन एवं उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया गया था। उनकी इस कुर्बानी की वजह से पूरे विश्व के मुस्लिम जन 10 दिनों तक उनकी याद में अपने शहरों व गांवों में उनके बताए हुए बातों का जिक्र करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलने की कोशिश करते हैं। इसी माह से प्रतिवर्ष इस्लामिक नए वर्ष की शुरूआत भी होती है। इसी कड़ी में दसवें मोहर्रम को मस्जिद में सुबह 9.30 बजे एक विशेष नमाज अदा की गई, जिसे आशुरा की नमाज कहते हैं। उसके बाद पूरे मुल्क में



अमन-ओ-शांति और खुशहाली की दुआ मांगी गई एवं कब्रिस्तान जाकर कुरआन शरीफ की तिलावत करके फातिहा देकर सभी मरहूमों को याद किया गया। दोपहर 3 बजे मदरसा निजामिया में जिक्रे शोहदाए कर्बला की महफिल में जौनपुर उत्तर प्रदेश से आये हुए मेहमान हजरत अल्लामा मौलाना नसीम रजा चतुर्वेदी साहब के द्वारा हजरत इमामे हुसैन की जीवनी पर आखिरी तकरीर की गई। उक्त कार्यक्रम विगत 10 दिनों से प्रतिदिन रात्रि के समय चल रहा था, जिसका कल समापन हुआ। उनके साथ ही पूरे दस दिनों तक मौलाना अब्दुस्सत्तार अशरफी भी मौजूद रहे। इसके पूर्व रहनुमा कमेटी के अध्यक्ष आबिदा खानम की अध्यक्षता में समाज के महिलाओं द्वारा प्रतिदिन 10 दिनों तक मदरसा निजामिया में हजरत इमामे हुसैन की याद में कुरआन ख्वानी की गई।

### ताजिया पर माथा टेक कर मांगी अमन चैन की दुआ

मोहर्रम के अवसर पर पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह अपने परिवार व पुत्रों कुमार आदित्येंद्र बहादुर सिंह एवं यशवेंद्र बहादुर सिंह के साथ मदरसा निजामिया में शाही ताजिया पर माथा टेकने पहुँचे। सिंह ने ताजिया पर नारियल चढ़ाकर सरायपाली, बसना क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में अमन चैन के लिए दुआ मांगी। उन्होंने सामाजिकजनों से अपने पुत्रों का परिचय करवाया और विभिन्न मुद्दों पर समाज हित के लिए चर्चा की। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता अब्दुल नईम लखानी, विजय साहू, बाबू भाई जमील हुसैन, शेख वहीद नियारिया, जनाब खान, इसराइल खान, तबारक हुसैन, अय्युब हुसैन, कय्युम हुसैन, शहादत हुसैन, मुकीम हुसैन, आबिद हुसैन, मो. जाहिद रजा, आफताब हुसैन, फारूख हुसैन, शकील हुसैन, अल्ताफ हुसैन, अनीस हुसैन, अल्जार हुसैन, अरबाज हुसैन, अन्शाद हुसैन, अजमल हुसैन, अजमत हुसैन, अल्काश हुसैन, मो. शहीर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे। ज्ञात हो कि विगत कई वर्षों से राजमहल सरायपाली की ओर से मुजावर अय्यूब हुसैन व उनके परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष स्व. वीरेंद्र बहादुर सिंह व स्व. महेंद्र बहादुर सिंह के नाम से जुड़वां ताजिया बनाया जाता है।

## कमरौद स्कूल में हुआ विकासखंड स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद बागबाहरा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी तथा स्मिता हितेश चंद्राकर, अलका नरेश चंद्राकर, भेखलाल साहू, धरम दीवान, घनश्याम साहू, प्रेमिन ध्रुव, जसराज बाला चंद्राकर, सभापति थानसिंह दीवान के विशेष आतिथ्य रहे। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सृष्टि चंद्राकर द्वारा मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी का स्वागत किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा ने स्वागत भाषण व प्रतिवेदन का वाचन किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद व मंचस्थ समस्त अतिथियों एवं अधिकारियों के द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का अभिनंदन तिलक लगाकर, मिष्ठान में लड्डू खिलाकर सभी को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश, कलम भेंटकर कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने स्नेह पूरित उद्बोधन में बच्चों को आशीर्वाद स्वरुप जीवन में आगे बढ़ने एवं उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को बच्चों तक शत प्रतिशत पहुंचाने प्रेरित किया। पालकों से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहने की बात कहीं। इस अवसर पर शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण भी किया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में विकासखंड में कक्षा दसवीं व बारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले



विद्यार्थियों व सहयोगी शिक्षकों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांसद ने विकासखंड के विद्यालयीन बच्चों के जाति प्रमाण पत्र कार्य मे उत्कृष्ट योगदान के लिए एसडीएम सृष्टि चंद्राकर को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को मोमेंटो व ग्राम पंचायत कमरौद द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्यता ईशा शुक्ला सेजेस कोमाखान व आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक चमन लाल साहू ने किया। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केवल टंडन, एबीईओ रामता मन्ना डे, नायब तहसीलदार नंदिनी वर्मा, नारायण चौधरी जिला अध्यक्ष सीजीटीए, प्रकाश बघेल ब्लाक अध्यक्ष शिक्षक फेडरेशन, प्राचार्य कमरौद तारिणी दीवान, रूपेश साहू, नंदकुमार साहू, व्याख्यता मोहन साहू, मोहन कुलदीप, अश्विनी साहू, भुवन साहू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### ज्ञान गंगा स्कूल में मनाई बघेल की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती मनाई गई। जिसमें शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल आदि ने कहा कि डॉ खूबचंद बघेल ने अपना पूरा जीवन छत्तीसगढ़ के हितचिंतन में लगा दिया और अपने विचार मूल्यों से छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### तेंदूकोना में रोजगार मार्गदर्शन एवं अभिनंदन समारोह कल

**तेंदूकोना।** स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला में रविवार को गुरु पूर्णिमा पर रोजगार मार्गदर्शन एवं अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता पंडित ललित मिश्रा (प्रांताध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज रायपुर) करेंगे व विशेष अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच देववंतीन दिलीप दीवान, मानसिंह दीवान, दिनेश अग्रवाल एवं हरिनारायण दीक्षित आदि उपस्थित रहेंगे। इसी तरह एक्सपर्ट अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग महासमुंद से रेखराज शर्मा, कृषि विश्वविद्यालय से साकेत दुबे महासमुंद, सफल व्यापारी प्रखर शर्मा रायपुर, खेल विभाग से आलोक द्विवेदी बागबाहरा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अमित शर्मा रायपुर, असिस्टेंट कमिशनर कांत शुक्ला खैरागढ़, पुलिस विभाग से प्रतिभा पांडेय महासमुंद, संगीत कला क्षेत्र से जेपी शर्मा रायपुर व गजेंद्र प्रसाद तिवारी गुल्लू (आरंग) उपस्थित रहेंगे। इस दिन सुबह 9 बजे गुरुपूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। बाद 11 बजे अतिथियों का स्वागत, 2 बजे तक अतिथियों का मार्गदर्शन, 2 बजे से भोजन पश्चात अतिथियों का सम्मान एवं विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। पंडित भागीरथी दुबे (प्रदेश अध्यक्ष पुरोहित मंच छग) ने क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को कामदेव पिता ऋषि (19) निवासी ग्राम घोघरा घोंच, तेंदूकोना ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## निधन

### भानुमति ध्रुव

**महासमुंद।** स्थानीय हाउसिंग बोर्ड



निवासी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में कार्यरत रही शिक्षका भानुमति ध्रुव का 16 जुलाई को स्वास्थ्यगत कारण से निधन हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

---

**बैठक : कांग्रेस की जिला स्तरीय हुई बैठक, घेराव को लेकर की गई चर्चा**

# विद्युत कटौती और कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा घेराव 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 24 जुलाई को प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम तथा आगामी नगरी निकाय चुनाव के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस भवन में आहूत की गई।

जिला अध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि विधानसभा का घेराव प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, बेतहाशा विद्युत दरों में वृद्धि तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि पहली बार छत्तीसगढ़ में ऐसा हो रहा है कि शासन-प्रशासन भगवान भरोसे चल रहा है। अनुभवहीन मंत्रियों को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए। जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल व विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि कोई भी सरकार को लोकप्रिय होने में समय नहीं लगता। परंतु, छत्तीसगढ़ की सरकार इतनी जल्दी अलोकप्रिय हो गई कि चुनाव के सातवें महीने में पहुंचते ही आम नागरिकों का दुश्मन बन गई है। पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार दिल्ली से संचालित हो रही है। वर्तमान सरकार में बैठे मंत्रियों को समझ नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए। मंत्रियों का बड़बोलापन इतना है कि आम जनता का विश्वास इस सरकार से उठ हो चुकी है।

सरायपाली विधायक चातुरीनंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मंत्रियों के लिए एक गंभीर विषय है कि छत्तीसगढ़ में पहली बार अपराध चरम सीमा में है।

लूटपाट, डकैती, हत्या आम बात हो गई है। बिजली ठेकेदारों को फायदा दिलाने के लिए बिजली बिल में बेतहाशा बढ़ोतरी, उद्योगपतियों को बिजली पूर्ति करने के लिए शहर और ग्रामीण में घंटों बिजली कटौती की जा रही है। इसके विरोध में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस कमेटी के समस्त सदस्यों द्वारा विधानसभा का घेराव किया जाना है।



**कांग्रेस भवन में हुई बैठक में यह मौजूद रहे**

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, सरायपाली विधायक चतुरी नंद, महासमुंद प्रभारी कन्हैया अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा, पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, करण दीवान, विजय कुमार साहू, रवि निषाद, रवि कश्यप, प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा, महिला अध्यक्ष दुर्गा सागर, महिला प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष साधना सिंह नैनी, दाऊलाल चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, निर्मल जैन, मोहित ध्रुव, सत्यभामा नाग, मंदाकिनी साहू, गणेश शर्मा, फिरोज मेमन, पार्षद अमन चंद्राकर, निखिलकांत साहू, डॉ तरुण साहू, पिछड़ा प्रकोष्ठ महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, अजय थवाईत, मेहुल सूचक, नितेंद्र बैनर्जी, तुलसी साहू, कपिल साहू, सुरेंद्र वैष्णव, लीलकांत पटेल, मनोज गोयल, मनोहर ठाकुर, लखन चंद्राकर, राजू यादव, टोमन सिंग कागजी, ओम प्रकाश चक्रधारी, संतोष ठाकुर, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, ममता चंद्राकर, ईशा टंडन, संजय शर्मा, बसंत चंद्राकर, मोती साहू, लीलू साहू, किशन पटेल, किशोर नायक, मनभजन पटेल, आकाश निषाद, तुलसी देवदास, मायाराम टंडन, रमन ठाकुर, तेनसिंह निषाद, सलीम खान, नंदकुमार निषाद समेत अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा ने किया।

---

# जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- डायरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बताई सावधानियां

जिले में वर्षा ऋतु में उल्टी दस्त, मलेरिया, पीलिया व अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के लिए पूर्व में ही उचित रोकथाम एवं प्रबंध किए गए है। आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाव उपाए के साथ ही जागरूक भी किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया ने बताया कि महासमुंद जिले में कुल 264 ओआरटी कार्नर की स्थापना की गई है। जिसमें 227 उपस्वास्थ्य केंद्र 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 01 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 01 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय है। जिसमें आईव्ही फ्लूड, पैरासिटामाल दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए जिले में ओआरएस 96000 पैकेट एवं 244000 जिंक टेबलेट उपलब्ध है। सभी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मितानिनो के दवा पेटी में प्रयाप्त मात्रा में मौसमी बीमारी से निपटने के लिए समस्त दवाइयों जैसे ओरआरएस, जिंक, पैरामिटामाल एवं अन्य आवश्यक दवाईयां उपलब्ध करा दी गई है।

डॉ. कुदेशिया ने उक्त बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां जैसे खाने-पीने की वस्तुओं और पानी को ढंककर रखने, बासी भोजन, सड़े गले फलो का सेवन न करने व हमेश ताजा भोजन करने कहा है। इसी तरह दस्त होने पर ओआरएस (जीवन रक्षक घोल) बनाकर थोड़ी-थोड़ी देर में पीते रहने, पानी को उबालकर या क्लोरीन की गोली डालकर ही पीने के लिए उपयोग में लाने, भोजन से पूर्व और शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने की सलाह दी है। 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क परामर्श या निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी सलाह लिया जाएं।

दस्त होने के तुरंत ही घरेलू उपचार आरंभ करें, नारियल का पानी, नमकीन लस्सी, नींबू की शिकंजी, चावल का मांड, हल्की चाय, दाल का पानी आदि का सेवन लगातार करते रहें तथा शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें।

---

## खेतों में लगी फसल को नुकसान पहुंचा रहे मवेशी



**नर्रा।** क्षेत्र में खरीफ फसल के लिए खेतों में धान की बोआई लगभग दो सप्ताह से अधिक हो गया है। धान फसल बियासी करने लायक भी हो गया है। किसान अच्छी बारिश की आस में है। वहीं गांव के ही लेवार्सी घुमंतू मवेशी धान फसल को चट कर रहे है। इससे किसान परेशान है। कुछ मवेशी पालक अपने मवेशी को खुले में छोड़ रखा है। इस कारण भी फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। 20 से 25 की संख्या में मवेशी धान फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। घुमंतू मवेशी शाम होते तक सड़क किनारे व पंचायत भवन के सामने डेरा डाल देते है। फिर सुबह होते ही फसल को चट करने खेत की ओर चल पड़ते है। गौठान व कांजी हाऊस मात्र शो फीस बना हुआ। इधर, गांव में मवेशी चरवाह द्वारा रोका छेका के बाद भी मवेशी खेत खलिहान में नजर आने लगे हैं।

---

# भाजपा राज में मजदूरों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभः विनोद

## 4 माह पूर्व 3 में से 2 को कर दिया है स्थानांतरित, नई नियुक्ति भी नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**श्रम निरीक्षक नहीं होने से श्रम विभाग में जिले के लगभग 20 हजार मजदूरों के आवेदन पेंडिंग**

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि महज छह माह के कार्यकाल में ही डबल इंजन सरकार का इंजन हांफने लगा है। सरकारी विभागों की स्थिति बदहाल है। सरकारी तंत्र पर साय सरकार का नियंत्रण पूरी तरह कमजोर पड़ गई है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राज में सरकारी विभागों की बदहाली आज किसी से छुपी नहीं है। वर्तमान में जिला श्रम विभाग का काम धाम भगवान भरोसे चल रहा है। पिछले 5 महीनों से जिला श्रम विभाग में निरीक्षक नहीं होने से श्रमिकों को मिलने वाली कई योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि विभाग में 3 श्रम निरीक्षक का पद



स्वीकृत हैं, जो महासमुंद सहित जिले के सभी तहसीलों का कार्य संपादित करते थे। वर्तमान में 3 में से 2 लेवर इंस्पेटर का अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया गया है। लगभग 4 महीने पूर्व दोनों लेवर इंस्पेक्टर (श्रम निरीक्षक) को अन्यत्र भेजे जाने के बाद केवल एक श्रम निरीक्षक पर संपूर्ण जिले का भार डाल दिया गया। जिससे आवेदनों के पेंडेंसी बढ़ती गई। स्थानांतरित निरीक्षकों के बदले नई नियुक्ति नहीं होने से मजदूर पंजीयन से लेकर त्रुटि सुधार तथा योजनाओं के लाभ के लिए लाभार्थी मजदूरों के लगभग 20 हजार से अधिक आवेदन श्रम विभाग में पेंडिंग पड़े हैं। जानकारी मिली है कि रायपुर मुख्य आयुक्त कार्यालय से एक सहायक आयुक्त को जिले का प्रभार दिया गया है, लेकिन उन्होंने आज तक प्रभार नहीं लिया है। जिसके चलते मजदूरों से संबंधित सारे कार्य ठप पड़े हैं।

---

### तीन सालों से गायब अंत्योदय एक्सप्रेस को फिर चलाने उठी मांग

**रायपुर।** कोरोना में रेलवे ने जिन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया था, उनमें से कुछ ट्रेन सब ठीक होने के बाद भी बहाल नहीं हुई है, जिसमें 22895 दुर्ग फिरोजपुर, 14719 बिलासपुर बीकानेर अंत्योदय एक्सप्रेस और 22885/ 22886 टाटानगर लोकमान्य तिलक टर्मिनस अंत्योदय एक्सप्रेस शामिल हैं। मोदी सरकार ने 2017 में एसईसीआर जोन को दो अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी थी, जिसे मार्च 2020 के बाद रेलवे ने रद्द करने के बाद अभी तक बहाल नहीं किया है। आम बजट से पहले अब यात्रियों की मांग है कि रेलवे इन ट्रेनों का परिचालन एक बार फिर से शुरू करे, ताकि आम आदमी के लिए ट्रेनों की सुविधा बढ़ सके।

---

# स्काउट-गाइड स्थानीय संघ का चुनाव 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 20 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन, 25 से नामांकन शुरू

आजीवन सदस्य एवं साधारण सदस्य प्रतिनिधियों की बैठक आहूत की गई( जिसमें जनप्रतिनिधियों के विचार विमर्श के पश्चात सर्व सहमति से आजीवन सदस्य एवं साधारण सदस्य प्रतिनिधियों की चयन किया गया, जो कि आगामी निर्वाचन में मतदान के लिए पात्र होंगे। साधारण सदस्य पुरुष वर्ग जय पवार, महिला वर्ग को सुधा चंद्राकर, आजीवन सदस्य पुरुष वर्ग संदीप दीवान, नितेश श्रीवास्तव, माधव टकसाले, पूनम चंद्राकर, महेंद्र जैन, महिला वर्ग में निरंजन शर्मा को नियुक्त किया गया। स्काउट गाइड स्थानीय संघ महासमुंद का चुनाव 5 अगस्त को होगा। 20 जुलाई को 3 बजे मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 23 जुलाई तक दावा आपत्ति होगा। 24 को को 3 बजे अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 25 से 29 को 3 बजे तक नामांकन फॉर्म जमा किया जा सकता है। 4 बजे नामांकन पत्रों की जांच, 5 बजे तक नामांकन का प्रकाशन। नामांकन फॉर्म कार्यालयिन अवधि में निर्वाचन अधिकारी लता वैष्णव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी हिरेंद्र कुमार साहू से प्राप्त कर सकते हैं। 31 जुलाई को 3 बजे तक नाम वापसी एवं 5 बजे नामांकन का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 31 जुलाई को 3 बजे तक नाम वापसी एवं 5 बजे नामांकन का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 5 अगस्त को चुनाव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद में समय 10 बजे से 1 बजे तक जिला पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में होगा। मतगणना 2 बजे से प्रारंभ होगा। तत्पश्चात परिषद की प्रथम बैठक में सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष का चयन किया जाएगा एवं तीन स्काउटर, तीन गाईडर प्रतिनिधि के रूप में चयन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला मुख्यालय ऐतराम साहू, संदीप दीवान, माधवराव टांकसाले, जय पवार, कौशलेंद्र वैष्णव, तारा चंद्राकर, सीता टोडेकर, नितेश श्रीवास्तव, कमल लूनिया, हिना ढालेन, लता वैष्णव, हिरेंद्र कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

---

## बिजनेस साईट

# सोहम हास्पिटल में लगा 106वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोहम हॉस्पिटल लभराखुर्द में 14 जुलाई रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमें 60 से अधिक मरीजों का डॉ सोमी चंद्राकर एवं डॉ युगल चंद्राकर ने निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया है। डॉक्टर उत्कर्ष वर्मा एवं सोहम की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें अन्य रोगों के मरीज जैसे जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, पथरी, पेट में जलन गैस, चमड़ी के रोग, साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाज खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया। महासमुंद जिले के हर तहसील जैसे बागबाहरा, तुमगांव, पिथौरा समेत आसपास के कई गांव के लोग इस शिविर से लाभान्वित हुए। अन्य गांव से मरीज ने आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। सोहम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर रखा गया। समय-समय पर इस तरह के निशुल्क सेवा के कार्य सोहम परिवार के माध्यम से चलाया जाएगा।

---

# निजी विद्यालयों को बिक्री केंद्र में तब्दील न करें स्कूल संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जाए सुझाव**

जिले में निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा सुविधा के नाम पर मनमाने तरीके शुल्क वसूली व पुस्तक- कापी, यूनिफार्म तथा बच्चों के शिक्षा सामग्री के नाम पर स्कूल से ही खरीदी किए जाने की शिकायत लगातार मिल रही है। डॉ.सुरेश शुक्ला (सदस्य आरटीई फोरम छग) ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को इस प्रकार के कृत्य से बचने की आवश्यकता है। शैक्षणिक संस्थानों का मुख्य उद्देश्य शिक्षा का प्रसार और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। परंतु, हाल के वर्षों में कई शैक्षणिक संस्थानों पर आरोप लगे हैं कि वे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर पुस्तकें और यूनिफार्म उन्हीं से खरीदने का दबाव बनाते हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है, जो कई पहलुओं से विचारणीय है।

डॉ. शुक्ला ने कहा कि कई बार शैक्षणिक संस्थान विशेष बुक स्टोर्स या



आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर विद्यार्थियों के लिए आवश्यक पुस्तकें और यूनिफार्म उन्हीं से खरीदने की शर्त रखते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि अभिभावकों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है। क्योंकि, ये सामग्री बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जाती है। अभिभावकों और विद्यार्थियों के पास सीमित विकल्प होने के कारण उन्हें मजबूरी में महंगी सामग्री खरीदनी पड़ती है। यह न केवल उनकी आर्थिक स्थिति पर प्रभाव डालता है, बल्कि यह शिक्षा के मूल उद्देश्य से भी भटकाव है।

उन्होंने कहा कि उपरोक्त विषय के प्रति ध्यानाकर्षण के लिए शिक्षा मंत्री से बैठक कर अभिभावकों और विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव बनाने वाले ऐसे शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए सुझाव प्रेषित किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन को पठन पाठन सामाग्री के लिए अभिभावकों को विभिन्न विकल्पों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। ताकि, वे स्वतंत्र रूप से उचित और गुणवत्तापूर्ण सामग्री खरीद सकें। शैक्षणिक संस्थानों को पुस्तकें और यूनिफार्म खरीदने की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखनी चाहिए और किसी भी प्रकार के अनुचित लाभ से बचना चाहिए। अभिभावकों और शिक्षकों की सहकारी समितियों का गठन किया जा सकता है, जो सस्ते दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध करा सकें। अंततः शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान और मूल्य प्रदान करना है, न कि उन्हें आर्थिक शोषण का शिकार बनाना। शैक्षणिक संस्थानों को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को समझते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों के हित में कार्य करना चाहिए।

---

**निखिन ने कहाः स्मार्ट बिजली मीटर योजना एक षड्यंत्र**

# बिजली के निजीकरण और कार्पोरेट कंपनी को सौंपने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू ने स्मार्ट बिजली मीटर योजना को षड्यंत्र पूर्वक सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र के निजीकरण और इसे कार्पोरेट कंपनी को सौंपने की मुहिम का हिस्सा बताया है।

निखिल ने कहा कि पूरे देश से आ रही रिपोर्टों से स्पष्ट है कि स्मार्ट मीटर की संरचना इस तरह डिजाइन की जा रही है कि वे डिजिटल मीटर से ज्यादा तेजी से चलते हैं और वास्तविक खपत से ज्यादा दर्ज करते हैं।

इस प्रकार ये मीटर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने वाले साबित हो रहे हैं। अतः इन स्मार्ट मीटरों की उपयोगिता और उपादेयता संदेह के दायरे में है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरों को पहले चार्ज कराना होगा। इससे स्पष्ट है कि जो गरीब पहले जेब से पैसे खर्च करने में असमर्थ होंगे, वे अंधेरे में रहने को



मजबूर होंगे। साथ ही बिजली की दरों को तय करने में नियामक आयोग की भूमिका खत्म हो जाएगी और बिजली दरों को कभी भी बढ़ाया जा सकेगा। इससे आम जनता की बदहाली और बढ़ेगी। इस प्रकार, यह योजना राज्य में अंधकार युग की दस्तक साबित होगी। उन्होंने कहा कि हिंडेनबर्ग रिपोर्ट से साफ है कि अपने मुनाफे के लिए निजी कारपोरेट कंपनी किस तरह की व्यावसायिक जालसाजी कर रही है और आम जनता की जेब में डाका डाल रही है। छत्तीसगढ़ में बिजली क्षेत्र में कारपोरेट कंपनियों का प्रवेश आम जनता के लिए संकट का कारण बनेगा।

उत्तरप्रदेश एवं विभिन्न प्रदेशो के अनुभव से स्पष्ट है कि यदि निजी हाथों को स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर मिलता है, तो राजस्व पर हजारों करोड़ रुपयों से अधिक का अतिरिक्त भार खजाने पर पड़ेगा, जो भविष्य में आम जनता से ही वसूले जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिजली राज्य का विषय है और केंद्र सरकार की इसमें दखलंदाजी स्वीकार नहीं की जानी चाहिए लेकिन राज्य में कथित डबल इंजन की सरकार केंद्र के रिमोट पर चलकर एक उद्देश्य बना लिया है कि बिजली क्षेत्र में निजीकरण की मुहिम को बढ़ाना और इसे अडानी जैसे अन्य कार्पोरेट कंपनी को सौंपना।

---

# श्याम बालाजी कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस पर हुआ सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्याम बालाजी कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में महाविद्यालय के प्राचार्य अंकिता चंद्राकर एव बीएड के समस्त सहायक प्राध्यापकगण उपस्थित थे। इस सेमिनार में बीएड तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं पायल चंद्राकर, अंजलि चंद्राकर, प्रार्ची चौधरी, वेदप्रकाश कैवर्त, कुलेश्वरी, बाबी सोरी, भूपेश मांडले, जशार्शीष साहू, हिमांशु दीवान, दीपशिखा गायकवाड, प्रशांत डहरिया, योगिता सोरी द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमें विश्व जनसंख्या दिवस के प्रस्तावना, अर्थ, परिभाषा, इतिहास ,जनसंख्या वृद्धि के कारण, जनसंख्या वृद्धि के प्रभाव, जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता एवं सरकार द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस सेमिनार में बीएड तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक एवं



छात्राध्यापिकाओं ने जाना की जनसंख्या वृद्धि से क्या-क्या समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। किस प्रकार लोगों को जागरूक एवं शिक्षित कर जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। सेमिनार के अंत में प्राचार्य अंकिता चंद्राकर द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के बारे में और भी विस्तार से सभी विद्यार्थियों को बताया गया। छात्राध्यापक वेदप्रकाश कैवर्त ने आभार जताया।